कार्यालय उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या– 11 /01/ई–6/ए0आर0/2024–25
प्रयागराज, दिनांकः 17 अप्रैल, 2025

विज्ञप्ति

आयोग के **विज्ञापन संख्या– ए–5/ई–1/2024**, दिनांक **28.08.2024** के अन्तर्गत विज्ञापित **उ0प्र0 विश्वविद्यालय (केन्द्रीयित) सेवा सहायक कुलसचिव परीक्षा–2024** के अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा **दिनांक 27 अप्रैल, 2025 को दो सत्रों में (प्रथम सत्र– पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) एवं दिनांक 28 अप्रैल, 2025 को एक सत्र में (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक)** प्रदेश के **प्रयागराज** जनपद में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत है–

क्र. सं.	परीक्षा तिथि	प्रवेश करने का समय	सत्र / समय	विषय कोड/नाम
1	27-04-2025 (रविवार)	प्रथम सत्र 08:00 AM - 08:45 AM	प्रथम सत्र 9:30 AM -12:30 PM	51–सामान्य अध्ययन
		द्वितीय सत्र 12:30 PM - 01:15 PM	द्वितीय सत्र 02:00 PM -05:00 PM	52–सामान्य हिन्दी, सारांश आलेखन, निबन्ध
2	28-04-2025 (सोमवार)	प्रथम सत्र 08:00 AM - 08:45 AM	प्रथम सत्र 09:30 AM -12:30 PM	53–उत्तर प्रदेश वित्तीय नियम एवं कार्यालय प्रक्रिया सम्बन्धी नियम

प्रश्नगत परीक्षा के अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनट पूर्व प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने ओ0टी0आर0 नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई0डी0प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक